# अध्याय - 2 | अंकगणितीय व्यंजक

QUIZ PART-04

**1. व्यंजक के अलग-अलग भाग क्या कहलाते हैं?**

A. पद
B. गुणज
C. भाजक
D. समीकरण (A)

*व्याख्या :* व्यंजक के वे भाग, जिन्हें योग के रूप में अलग किया जाता है, पद कहलाते हैं।

**2. 12 + 7 के पद कौन-से हैं?**

A. 12 और −7
B. 12 और 7
C. −12 और 7
D. 19 और 7 (B)

*व्याख्या :* 12 + 7 में दो पद 12 और 7 हैं।

**3. 83 − 14 को पदों के योग के रूप में कैसे लिखेंगे?**

A. 83 + 14
B. −83 + 14
C. 83 + (−14)
D. −83 + (−14) (C)

*व्याख्या :* किसी संख्या को घटाना उसके विपरीत को जोड़ने के समान है। इसलिए 83 − 14 = 83 + (−14)।

**4. 83 − 14 के पद कौन-से हैं?**

A. 83 और 14
B. −83 और 14
C. 83 और −14
D. −83 और −14 (C)

*व्याख्या :* 83 − 14 = 83 + (−14), इसलिए इसके पद 83 और −14 हैं।

**5. घटाव को विपरीत संख्या के योग में बदलने पर व्यंजक के मान पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

A. मान बढ़ जाता है
B. मान घट जाता है
C. मान बदलता नहीं है
D. मान शून्य हो जाता है (C)

*व्याख्या :* घटाव को विपरीत संख्या के योग में बदलने पर व्यंजक का मान समान रहता है।

**6. 54 − 3 × 15 के पद कौन-से हैं?**

A. 54 और 3 × 15
B. 54 और −3 × 15
C. −54 और 3 × 15
D. 54, −3 और 15 (B)

*व्याख्या :* 54 − 3 × 15 को 54 + (−3 × 15) के रूप में लिखा जा सकता है। इसलिए इसके दो पद 54 और −3 × 15 हैं।

**7. −18 − 3 के पद कौन-से हैं?**

A. 18 और 3
B. −18 और 3
C. 18 और −3
D. −18 और −3 (D)

*व्याख्या :* −18 − 3 = −18 + (−3), इसलिए इसके पद −18 और −3 हैं।

**8. 6 × 5 + 3 में कितने पद हैं?**

A. 1
B. 2
C. 3
D. 4 (B)

*व्याख्या :* इसके पद 6 × 5 और 3 हैं। इसलिए कुल 2 पद हैं।

**9. 2 − 10 + 4 × 6 के पद कौन-से हैं?**

A. 2, 10, 4, 6
B. 2, −10, 4 × 6
C. −2, 10, 4 × 6
D. 2, 10, −4 × 6 (B)

*व्याख्या :* इसे 2 + (−10) + 4 × 6 लिखा जाता है। इसलिए इसके पद 2, −10 और 4 × 6 हैं।

**10. 23 − 2 × 4 + 16 के पद कौन-से हैं?**

A. 23, −2 × 4, 16
B. 23, 2, 4, 16
C. −23, 2 × 4, 16
D. 23, 2 × 4, −16 (A)

*व्याख्या :* घटाव को योग में बदलने पर व्यंजक 23 + (−2 × 4) + 16 बनता है। इसलिए इसके पद 23, −2 × 4 और 16 हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App